प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बड़ी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है। यह जनता द्वारा और जनता के लिए है। सरकार विभिन्न समुदायों के भीतर उभरती प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लोगों के बीच प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वास को बढ़ावा देने के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं और इसके मूल्य् को बढा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद आज डेटा सुरक्षा सर्वोपरि चिंता बनी हुई है।श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है। एआई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि एआई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है।

****

निर्वाचन आयोग का सी विजिल ऐप मतददाताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। अब तक आम चुनाव की घोषणा के बाद शिकायती ऐप पर 79 हजार से अधिक उल्लंघन के मामलों को दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि 99 प्रतिशत से आधिक शिकायतों का समाधान कर लिया गया है और इन शिकायतों में से 89 प्रतिशत का सौ मिनट के भीतर समाधान निकाला गया। 58 हजार पांच सौ से अधिक शिकायतें अवैध होर्डिंग और बैनर से संबंधित हैं। चौदह सौ से अधिक मिली शिकायतें धनराशि, उपहार और शराब वितरण से संबंधित हैं।

****

दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में आगामी लोकसभा चुनाव संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।

****

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड में पुलिस अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अपराधियों और उग्रवादियों की धरपकड़ के साथ ही मादक पदार्थों के कारोबार पर भी नकेल कस रही है। इस कड़ी में चतरा जिले में पुलिस ने 45 किलोग्राम अफीम और 25 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत दो करोड़ से ज्यादा बतायी गयी है। चतरा के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने आज बताया कि चतरा–हजारीबाग के सीमावर्ती गिद्धौर प्रखंड के बलबल चेकनाका के समीप एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली है।

****

हजारीबाग जिले के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में 11 दिनों से बंद तीन साइबर अपराधियों को सात दिनों की रिमांड पर तमिलनाडु पुलिस ले गई है। तमिलनाडु पुलिस दो दिन पहले हजारीबाग पहुंची थी। पुलिस ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आवेदन देकर तीनों साइबर अपराधियों की रिमांड मांगी थी। रिमांड पर लिए गए तीनों साइबर अपराधियों को कोर्रा थाना की पुलिस ने 17 मार्च को रांची के नामकुम देवी मंडप रोड स्थित एलवी बिल्ला अपार्टमेंट से पकड़ा था।

****

आज गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान की याद में रांची समेत राज्य भर के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। इधर जमशेदपुर में भी लोग गुड फ्राइडे श्रद्धा और विश्वास के साथ मना रहे हैं। फादर ज्ञान सुंदर और जीईएल चर्च के सहायक सचिव बिंगुल गुड़िया ने बताया कि आज ही के दिन मानव जाति के कल्याण के लिए ईसा मसीह सलीब पर चढ़े थे।

*********समाप्त***************